University in News on 06 September 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पदकधारकों की प्रस्तावित सूची जारी

लविवि : 16 को दीक्षांत समारोह में दिए जाएंगे 196 पदक, 10 तक मांगीं आपत्तियां

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह में मेरिट के आधार पर दिए जाने वाले पदकों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी गई है। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत सूची देख सकते हैं। प्रस्तावित सूची में 196 विद्यार्थियों को पदक दिए जाने हैं। दीक्षांत 16 सितंबर को है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी करते हुए प्रस्तावित पदक सूची पर 10 सितंबर तक विद्यार्थियों की आपत्तियां मांगी हैं। जिन विद्यार्थियों को पदक सूची में संशोधन या सुधार का सुझाव देना हो, वे तय तिथि में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में अपना प्रार्थना पत्र दे दें जिससे अंतिम सूची जारी की जा सके। इसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। सूची में विवि के तीनों प्रतिष्ठित पदकों चांसलर मेडल, वाइस चांसलर मेडल और जीएन चक्रवर्ती मेडल पाने वाले विद्यार्थियों नाम नहीं दिए गए हैं।

शैलजा को मिलेंगे सर्वाधिक पदक

- सूची में एमएससी गणित की विद्यार्थी शैलजा चौरसिया को सर्वाधिक 13 पदक देने का जिक्र है। इसमें 10 गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। वहीं वैष्णवी मिश्रा व रीमा चौधरी को नौ-नौ गोल्ड, जूली पटेल व हार्दिक गुप्ता को छह-छह गोल्ड, अर्पिता गोडिन, अर्पन शुक्ला, अनुराग सिंह को चार गोल्ड और निखिल सिंह, अर्शी श्रीवास्तव, जाह्नवी पटेल, अदिति बाजपेयी, दिव्यांशी मिश्रा, शशांक शेखर पांडेय, प्रियांशी गुप्ता, श्रुति गुप्ता, प्रिया मिश्रा, शिखर भारती को तीन-तीन स्वर्ण पदक दिए जाएंगे।

सरकारी सेवा में जाना है लक्ष्य

प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सरकारी सेवा में जाना लक्ष्य है। मूलतः लखीमपुरखीरी की रहने वाली हूं। कैलाश छात्रावास में रहकर बीएससी और एमएससी की पढ़ाई की है। पिता आशीष चौरसिया बिजनेसमैन और मां रीता नाग शिक्षिका हैं।

- शैलजा चौरसिया, नौ गोल्ड, दो सिल्वर, एक ब्रॉन्ज

न्यायिक सेवा में जाकर लाना है बदलाव

पीसीएस-जे की तैयारी कर रही हूं। भविष्य में न्यायिक सेवा में चयनित होकर बेहतर करने की इच्छा है। सिटी लॉ कॉलेज से विधि की विद्यार्थी रही हूं। पूर्व में अवध विवि की छात्रा रही हूं। पिता प्रभाकर मिश्रा रजिस्ट्री ऑफिस में कार्यरत हैं। माता सुनीता मिश्रा गृहिणी हैं।

- वैष्णवी मिश्रा, नौ गोल्ड मेडल

धरोहरों के संरक्षण पर करना है काम

लविवि से एमए एआईएच से किया है। कोर्स के माफिक काम में रुचि है। पुरातत्व सेवा में जाकर धरोहरों के संरक्षण पर काम करना है। पिता अभिजीत चौधरी रेलवे से रिटायर्ड हैं। मां रीता चौधरी दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में कार्यरत हैं। **- रीमा चौधरी,** नौ गोल्ड मेडल

सीयूईटी मेरिट से होंगे बीफार्मा में प्रवेश

लखनऊ। सीयूईटी मेरिट के आधार पर लखनऊ विश्वविद्यालय बीफार्मा कोर्स में प्रवेश लेगा। इसके लिए विवि जल्द रजिस्ट्रेशन फॉर्म जारी करेगा। अभ्यर्थी पंजीकरण फॉर्म भरने के बाद काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर सकेंगे। लविवि में बृहस्पतिवार को हुई प्रवेश समिति की आकस्मिक बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। लविवि को बीफार्मा कोर्स में एकीटीयू की काउंसिलिंग से दाखिला लेना था। लेकिन इसमें अभी देरी है, इससे कक्षाएं शुरू होने में विलंब होगा। इसी को देखते हुए विवि प्रशासन सीयूईटी की मेरिट के आधार पर दाखिला करने का फैसला किया है। फार्मेसी कोर्स का संचालन करने वाले कॉलेजों में संबद्धता के लिए भी फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से स्पष्ट निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। इस कारण भी प्रवेश में विलंब की आशंका है। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 8

गुरु की महिमा के आगे सब नतमस्तक

आयोजन

लखनऊ, संवाददाता। शिक्षक दिवस पर शहर के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों व अन्य शिक्षण संस्थानों में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने भी गुरूओं के सम्मान में उन्हें भेंट दी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में अलग-अलग विभागों के विभागाध्यक्षों और शिक्षकों ने अपने संकायाध्यक्ष के साथ कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को पुष्पगुच्छ भेंटकर शिक्षक दिवस की बधाई दी। इसमें लूआकटा अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय भी शामिल रहे। डीएसडब्ल्यू प्रो. वीके शर्मा, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने सेवानिवृत्त शिक्षक प्रो. देवेंद्र नाथ सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. एपी तिवारी व राजेंद्र प्रसाद को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के असल निर्माता होते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्षों और शिक्षकों ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को शिक्षक दिवस की बधाई दी।

सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

भाषा विवि समेत संस्थानों में मनाया गया दिवस

- केएमसी भाषा विवि में अटल सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि एक शिक्षक के तौर हमारी जिम्मेदारी है कि हम छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा से परिचित करवाएं।
- नेशनल कॉलेज में चंद्रभानु गुप्ता नेशनल श्री सम्मान साइकोलॉजी की शिक्षिका नेहा श्रीवास्तव को दिया। प्रबंधक सांसद उज्जवल रमण सिंह ने उन्हें स्मृति चिन्ह व 51 हजार का चेक देकर पुरस्कृत किया।
- श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में 11 शिक्षकों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एलयू के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. एके सेन गुप्ता कहा कि शिक्षक समाज को रोल मॉडल होना है। सुभाष महाविद्यालय में भी शिक्षक दिवस पर आयोजन हुए।

दिनेश शर्मा ने नगर निगम कॉलेजों को डेढ़ करोड़ दिए

नगर निगम मुख्यालय में पूर्व महापौर और मौजूदा राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा ने नगर निगम के डिग्री कालेज और स्कूलों के बेहतरी के लिए अपनी निधि से डेढ़ करोड़ रुपये देने का वादा किया। इस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

एकेटीयू में नौ शिक्षकों को उत्कृष्ट सम्मान

एकेटीयू में विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के नौ शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान दिया गया। पिछले सत्र में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि वि. दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के पूर्व कुलपति प्रो. वीके सिंह ने कहा कि हर किसी में एक शिक्षक का गुण होता है। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि वत्सारूम में पढ़ाने वाला ही सिर्फ शिक्षक नहीं होता। जिससे भी शिक्षा मिले वह शिक्षक हो सकता है। एक बच्चे से भी बहुत कुछ सीख सकते हैं।

महत्व बताया सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज डी ब्लॉक रिंग रोड इंदिरा नगर में प्रधानाचार्य रीती कृष्णवाहा ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया और छात्राओं को उनके जीवन से परिचित कराया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया और विद्यालय के प्रबंधक ने अध्यापक अध्यापिकाओं के कार्यों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया।

एलयू बीफार्मा पाठ्यक्रम की सभी सीटें पर खुद प्रवेश लेगा

फैसला

- प्रवेश समिति की आकस्मिक बैठक बुलाकर लिया निर्णय
- सीयूईटी 2024 की मेरिट के आधार पर होंगे दाखिले

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीफार्मा पाठ्यक्रम की सभी सीटों पर खुद से प्रवेश लेगा। जल्द ही ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म जारी होंगे। प्रवेश समिति की गुरुवार को आकस्मिक बैठक में यह निर्णय लिया गया।

एलयू के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में बीफार्मा पाठ्यक्रम संचालित है। कुल 100 सीटें हैं। इसमें अभी तक एकेटीयू की काउंसलिंग के जरिए प्रवेश लिए जाते थे। लेकिन अभी तक फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) की ओर से फार्मेसी कॉलेजों को अप्रवूल दिए जाने की ही प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। साथ ही एकेटीयू ने भी अभी तक बीफार्मा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया ही नहीं शुरू की है। जिससे एलयू प्रशासन को सत्र में देरी का डर सता रहा था।

जानकारी के अनुसार इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर गुरुवार को प्रवेश समिति की आकस्मिक बैठक बुलाई गई। जिसमें कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी, अधिष्ठाता प्रवेश प्रो. पंकज माथुर, प्रवेश समन्वयक डॉ. अनिल नीरज समेत अन्य सदस्य उपस्थित हुए। सभी ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया कि सत्र में देरी न हो इसके लिए एलयू प्रवेश विभाग ही बीफार्मा पाठ्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया को अंजाम दे। इस संबंध में जरूरी निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

इस विषय पर जानकारी देते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही आवेदन शुरू हो जाएंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए छात्र और छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं।

बीटेक और एमसीए की मेरिट सूची जारी

एलयू में बीटेक और एमसीए पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों के सापेक्ष सीधे प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी कर दी गई है। इसके लिए सात सितंबर को काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर मेरिट सूची देख सकेंगे।

i-NEXT PAGE 4

दीक्षा में 10 गोल्ड संग शैलजा को 13 मेडल

एलयू ने दीक्षा समारोह के लिए जारी की प्रस्तावित मेडल सूची

LUCKNOW (5 SEP): लखनऊ विश्वविद्यालय में 16 सितंबर को होने वाले दीक्षा समारोह में 196 पदक दिए जाएंगे. इनमें एमएससी मैथमेटिक्स में सर्वाधिक अंकों के लिए छात्रा शैलजा चौरसिया को सर्वाधिक 13 मेडल मिलेगा. इसमें 10 गोल्ड, दो चांसलर सिल्वर, एक ब्रांज मेडल और बुक प्राइज शामिल है. विश्वविद्यालय ने सभी मेधावियों की मेडल की सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है. किसी भी स्टूडेंट्स को मेडल सूची पर कोई आपत्ति है तो वह 10 सितंबर को शाम पांच बजे तक आपत्ति दर्ज करा सकता है.

16 सितंबर को होना है दीक्षा समारोह

196 मेडल दिए जाएंगे दीक्षा समारोह में

10 सितंबर तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं

इन्हें मिलेंगे मेडल

- सिटी ला कालेज की एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स की छात्रा वैष्णवी मिश्रा को आठ गोल्ड मेडल.
- एमए एआइएच की छात्रा रीमा चौधरी को सात गोल्ड व एक बुक प्राइज.
- बीए की छात्रा जूली पटेल को छह गोल्ड मेडल.
- एमएससी फिजिक्स के छात्र हार्दिक गुप्ता को छह गोल्ड मेडल.
- मास्टर आफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) की छात्रा अर्पिता गुडविन को चार गोल्ड मेडल.
- एमए उर्दू में सर्वाधिक अंक के लिए सबा खान को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल इन उर्दू.

नोट- वाइस चांसलर गोल्ड मेडल, चांसलर गोल्ड मेडल और चक्रवर्ती गोल्ड मेडल की घोषणा बाद में की जाएगी.

इनके नाम भी कई मेडल

अर्पण शुक्ला चार, अनुराग सिंह चार, जाह्नवी पटेल तीन, आर्शी श्रीवास्तव तीन, अदिति बाजपेयी तीन, दिव्यांशी मिश्रा तीन, प्रिया मिश्रा तीन, श्रुति गुप्ता तीन सहित अन्य.

इन्हें मिलेगा चांसलर ब्रांज मेडल

बीए फाइनल अंशिका मिश्रा, शिव प्रताप मौर्य, बीएससी फाइनल ईयर-आस्था श्रीवास्तव, अंशू वर्मा, बीकाम फाइनल ईयर- स्नेहा, नंदनी गुप्ता, बीएफए फाइनल ईयर-समर अहमद, वंशिका वर्मा, एलएलबी-आरुषी शुक्ला, जीनत फातिमा.

बोले मेडलिस्ट

बीएससी पीसीएम में एक गोल्ड भी मिला. एमएससी मैथ्समेटिक्स में 13 मेडल के लिए चयन हुआ है. शिक्षकों ने समस्याएं दूर करने में हमेशा मदद की. स्कूल के दिनों से ही सिविल सेवा के प्रति रुझान रहा है. यही ऐसा पद है जो कुछ अच्छा करने और बदलाव की पावर देता है. अभी आरबीआई और एसएससी की तैयारी कर रही हूं.

शैलजा चौरसिया, 13 मेडल

10वीं, 12वीं गोंडा और फैजाबाद से बीए करने के बाद सिटी ला कालेज जानकीपुरम से एलएलबी तीन वर्षीय की पढ़ाई की. तीनों साल अच्छी परफार्मेंस के लिए मेडल मिल चुके हैं. ज्यूडिशरी में जाने के लिए यह कोर्स किया है. सिर्फ मेडल पाने के लिए नहीं, अच्छा करने के लिए पढ़ती थी. बड़े भैया भी एडवोकेट हैं.

वैष्णवी मिश्रा, आठ गोल्ड मेडल

दीक्षा समारोह में सात गोल्ड और एक बुक प्राइज के लिए मेरा चयन हुआ है. इतने सारे मेडल मिलने की खुशी ही अलग होती है. मेरा मानना है कि आप अपने विषय को अच्छे से पढ़ें तो हमेशा बेहतर कर सकेंगे. आगे भी यह काम आएगा. मेरा लक्ष्य सिविल सेवा है, उसकी तैयारी कर रही हूं.

रीमा चौधरी, सात गोल्ड मेडल

फिजिक्स मेरा अच्छा विषय है. बीएससी 72.69 अंक मिले थे. एमएससी फिजिक्स 80.05 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करने पर सर्वाधिक अंकों के लिए पहली बार छह गोल्ड मेडल के लिए चुना गया हूं. अपनी पढ़ाई के साथ ट्यूशन भी दी. प्राथमिकता सरकारी नौकरी है. एसएससी की तैयारी कर रहा हूं.

हार्दिक गुप्ता, छह गोल्ड मेडल

PIONEER PAGE 3

एलयू में छात्रों ने मनाया शिक्षक दिवस

लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को छात्रों ने अपने-अपने विभागों में शिक्षक दिवस का आयोजन कर शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ ही गुरु शिष्य परंपरा को बनाए रखने का संकल्प लिया।

JAGRAN CITY PAGE III

दीक्षा समारोह में छात्रा शैलजा को मिलेंगे 13 मेडल

लवि ने दीक्षा समारोह के लिए जारी की प्रस्तावित मेडल सूची, 10 सितंबर तक दर्ज करा सकते हैं सूची पर आपत्ति

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 16 सितंबर को होने वाले दीक्षा समारोह में 196 पदक दिए जाएंगे। इनमें एम.एससी मैथमेटिक्स में सर्वाधिक अंकों के लिए छात्रा शैलजा चौरसिया को सर्वाधिक 13 मेडल मिलेगा। इसमें 10 गोल्ड, दो चांसलर सिल्वर, एक ब्रांज मेडल और बुक प्राइज शामिल है। विश्वविद्यालय ने सभी मेधावियों को मेडल की सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। किसी भी छात्र-छात्रा को मेडल सूची पर कोई आपत्ति है तो वह 10 सितंबर को शाम पांच बजे तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में इस पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

प्रस्तावित सूची के अनुसार सिटी ला कालेज की एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स की छात्रा वैष्णवी मिश्रा को आठ गोल्ड मेडल, एम.ए एआइएच की छात्रा रीमा चौधरी को सात गोल्ड व एक बुक प्राइज मिलेगा। इसी तरह बीए की छात्रा जूली पटेल को छह, एम.एससी फिजिक्स के छात्र हार्दिक गुप्ता को छह गोल्ड और मास्टर आफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) की छात्रा अर्पिता गुडविन का नाम चार गोल्ड मेडल के लिए चयनित किया गया। एम.ए उर्दू में सर्वाधिक अंक के लिए सबा खान को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल इन उर्दू दिया जाएगा। इसके अलावा वाइस चांसलर गोल्ड मेडल, चांसलर गोल्ड मेडल और चक्रवर्ती गोल्ड मेडल की घोषणा बाद में की जाएगी।

समारोह में मेधावियों को 196 पदक दिए जाएंगे, 10 गोल्ड, दो चांसलर सिल्वर, एक ब्रांज मेडल और बुक प्राइज शामिल

इन्हें मिलेगा चांसलर ब्रांज मेडल

बी.ए फाइनल अंशिका मिश्रा, शिव प्रताप मौर्य, बी.एससी फाइनल ईयर-आस्था श्रीवास्तव, अंशू वर्मा, बी.काम फाइनल ईयर- स्नेहा, नंदनी गुप्ता, बी.एफए फाइनल ईयर-समर अहमद, वंशिका वर्मा, एल.एल.बी-आरुषी शुक्ला जीनत फातिमा।

इनके नाम भी कई मेडल

अर्पण शुक्ला चार, अनुराग सिंह चार, जाह्नवी पटेल तीन, आर्शी श्रीवास्तव तीन, अदिति बाजपेयी तीन, दिव्यांशी मिश्रा तीन, प्रिया मिश्रा तीन, श्रुति गुप्ता तीन सहित अन्य।

सिविल सेवा है लक्ष्य, मेरा सबसे प्रिय विषय रहा। इसलिए हमेशा अच्छे अंक आए। बी.एससी पीसीएम में एक गोल्ड भी मिला। एम.एससी मैथमेटिक्स में 13 मेडल के लिए चयन हुआ है। इसमें शिक्षकों का बहुत क्रेडिट रहा। उन्होंने समस्याएं दूर करने में हमेशा मदद की। स्कूल के दिनों से ही सिविल सेवा के प्रति रुझान रहा है। वहीं ऐसा पद है जो कुछ अच्छा करने और बदलाव की पावर देता है। अभी आरबीआई और एसएससी की तैयारी कर रही हूं। मूल रूप से मैं लखीमपुर खीरी के महराजन नगर की रहने वाली हूं।

-शैलजा चौरसिया, 13 मेडल

मूल रूप से गोंडा के धानेपुर की रहने वाली हूं। 10वीं, 12वीं गोंडा और फैजाबाद से बी.ए करने के बाद सिटी ला कालेज जानकीपुरम से एल.एल.बी तीन वर्षीय की पढ़ाई की। तीनों साल अच्छी परफार्मेंस के लिए मेडल मिल चुके हैं। ज्यूडिशरी में जाने के लिए यह कोर्स किया है। सिर्फ मेडल पाने के लिए नहीं, अच्छा करने के लिए पढ़ती थी।

-वैष्णवी मिश्रा, आठ गोल्ड मेडल

बी.ए आनर्स 85 प्रतिशत से करने के बाद एम.ए एमआइएच 83.12 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है। पढ़ाई बाद इतने सारे मेडल मिलने की खुशी ही अलग होती है। मेरा मानना है कि आप अपने विषय को अच्छे से पढ़ें तो हमेशा बेहतर कर सकेंगे। आगे भी यह काम आएगा। अब मेरा लक्ष्य सिविल सेवा है, उसकी तैयारी कर रही हूं।

-रीमा चौधरी, सात गोल्ड मेडल

अपनी पढ़ाई के साथ ट्यूशन भी दी

विजियस मेरा अच्छा विषय है। इसलिए उसे गहराई से समझकर पढ़ाई की। बी.एससी 72.69 अंक मिले थे। एम.एससी फिजिक्स 80.05 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करने पर सर्वाधिक अंकों के लिए पहली बार छह गोल्ड मेडल के लिए चुना गया हूं। अपनी पढ़ाई के साथ ट्यूशन भी दी। मेरी पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी है। इसलिए एसएससी की तैयारी कर रहा हूं।

-हार्दिक गुप्ता, छह गोल्ड मेडल

पढ़ाई में नहीं रखा कभी प्रतिस्पर्धा का भाव

बी.एससी आइटी कालेज से किया। लवि में एमएसडब्ल्यू के पहले सेमेस्टर में जब पहली बार मेडल मिला। तभी सेवा रंस शुरू कर दी तो आगे जारी रखा जाए। लेकिन प्रतिस्पर्धा का भाव कभी नहीं आया। बस, कुछ अच्छा अपने परिवार के लिए करना था। क्योंकि अच्छे अंक ही ऊंचे स्थानों पर ले जाते हैं। मुझे नेशनल हुमन राइट कमीशन में इंटर्नशिप का भी मौका मिला। बेस्ट कुक प्रिय्यू अवार्ड भी पाया। सेना में जाना है, इसलिए एसएससी की तैयारी रही हूं।

-अंशिका मुजीदीन, वार नंबर 4

विषय का चयन 10 तक

लखनऊ : लवि के विज्ञान लखाव ने बीएससी के छूटे हुए छात्र-छात्राओं को वो-वारिएल्स विषय के चयन का एक और मौका दिया है। ऐसे विद्यार्थी जो को-वारिएल्स विषय के लिए मुख्य फार्म नहीं भर पा या मिनी आवेदन नहीं हुआ। वह 10 सितंबर तक मुख्य फार्म के माध्यम से विषय का चयन कर लें। (जसं)

चौथा सीट आवंटन आज

लखनऊ : लवि में एमबीए की तीन काउंसिलिंग के बाद भी कुछ सीटें खाली हैं। इन पर प्रवेश के लिए चौथा सीट आवंटन शुक्रवार को जारी होगा। अभ्यर्थी दोपहर 12 बजे के बाद सीट आवंटन देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों के पास आठ सितंबर तक सीट आवंटन की फीस जमा करने का समय है। (जसं)

बीटेक में सीधे प्रवेश कल

लखनऊ : लवि के इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय ने 3 प्र तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग -2024 की काउंसिलिंग के बाद बी.टेक और एम.सी.ए पाठ्यक्रम के प्रमाण पत्रों में खाली सीटों के सापेक्ष मेरिट सूची तुरुवार एम को जारी कर दी। अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग सात सितंबर को द्वितीय परिसर स्थित इंजीनियरिंग संकाय के कमरा नंबर 032 में सुबह 11 बजे से होगी। इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने बताया कि काउंसिलिंग के समय ही अभ्यर्थियों को आनलाइन फीस जमा करनी होगी। (जसं)

कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट से होंगे बीफार्म में दाखिले

- लवि की प्रवेश समिति की बैठक में लिया निर्णय

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में संचालित बीफार्म पाठ्यक्रम में दाखिले अब कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूटी)-2024 की मेरिट के आधार पर लिए जाएंगे। गुरुवार को हुई विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की आकस्मिक बैठक में यह निर्णय लिया गया।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में बीफार्म पाठ्यक्रम में 100 सीट हैं। अभी तक इसमें प्रवेश एकेटीयू की काउंसिलिंग से लिए जाते थे। इस बार कुछ तकनीकी दिक्कतों की वजह से तय हुआ है कि लवि सत्र 2024-25 में सीयूईटी की मेरिट से प्रवेश लेगा। प्रवेश विभाग जल्द ही आनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म जारी करेगा।

एक्जीक्यूटिव एमबीए के आवेदन शुरू : लखनऊ विश्वविद्यालय ने दो वर्षीय एग्जीक्यूटिव एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें कोई भी नौकरी पेशा और उद्यमी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से आनलाइन आवेदन फार्म भर सकता है। कोर्स में 30 सीटें हैं। सेमेस्टर फीस 99,080 रुपये हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 8

मेडल सूची जारी, 196 पदकों के लिए चुने गए मेधावी

लखनऊ विश्वविद्यालय : विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर देखी जा सकती है सूची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय का 67वां दीक्षांत समारोह 16 सितंबर को आयोजित होगा। विवि की ओर से गुरुवार को पदकों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी गई है। इसमें कुल 196 पदकों के लिए मेधावियों के नामों की घोषणा की गई है। छात्र-छात्राएं पदकों की पूरी सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि यदि किसी छात्र-छात्रा को सूची में कोई आपत्ति है तो वह परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में 10 सितंबर तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। इस तिथि के बाद किसी तरह का प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अस्थाई पदकों की सूची में शैलजा चौरसिया को 10 गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रोंज मेडल देने का जिक्र है। वैष्णवी मिश्रा व रीमा चौधरी को 9 -9 गोल्ड, जूली पटेल व हार्दिक गुप्ता को छह-छह गोल्ड, अर्पिता गोडिन, अर्पन शुक्ला, अनुराग सिंह को चार गोल्ड और निखिल सिंह, अर्शी श्रीवास्तव, जान्हवी पटेल, अदिति बाजपेयी, दिव्यांशी मिश्रा, शशांक शेखर पांडेय, प्रियांशी गुप्ता, श्रुति गुप्ता, प्रिया मिश्रा, शिखर भारती को तीन-तीन स्वर्ण पदक वितरित किए जाएंगे।

सबसे ज्यादा पदक शैलजा चौरसिया को मिलेंगे

एमएससी गणित की छात्रा शैलजा चौरसिया को 13 मेडल दिए जाने का प्रस्ताव है। इसमें डॉ. एएन सिंह, इकबाल नारायण श्रीवास्तव, माधुरी देवी, स्वामी रामा तीर्थ, जेपी जायसवाल विजय शिला, बिशम्बर नाथ श्रीवास्तव, पंडित देवी सहाय मिश्रा, कुंवर राम बहादुर शाह, शांति देवी शर्मा और बिशेश्वर नाथ गोल्ड मेडल शामिल हैं। इसके अलावा दो चांसलर सिल्वर मेडल और एक गाल मेमोरियल ब्रोंज मेडल व प्राइज बुक भी प्रदान किया जाएगा।

वैष्णवी मिश्रा और रीमा को नौ-नौ पदक

एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की छात्रा वैष्णवी मिश्रा और एमए एआईएच की रीमा चौधरी को नौ-नौ स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा। वैष्णवी को कौशल्या देवी निगम, बाबू महावीर प्रसाद श्रीवास्तव, द्वारका प्रसाद निगम, डॉ. शंकर दयाल शर्मा, पंडित देबी सहाय मिश्रा, डॉ. राज कृष्णा, डीपी बोरा, बीके धवन और सुग्गा बीबी गोल्ड मेडल दिया जाएगा। इसी तरह रीमा को उर्मिला शुक्ला मेमोरियल समेत कुल नौ गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे।

जूली पटेल और हार्दिक को छह-छह गोल्ड मेडल

दीक्षांत में बीए की छात्रा जूली को भास्कर आत्माराम देवधर, सुग्गा बीबी, डॉ. राधा कुमुद मुखर्जी, पंडित देबी सहाय मिश्रा, श्याम कुमारी हुक्कु और प्रयाग दत्त चतुर्वेदी गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं एमएससी भौतिक विज्ञान के छात्र हार्दिक को वार्ड मेमोरियल विद्यांत, राजेंद्र नाथ सान्याल, अजोंय कुमार मित्रा, विजय शंकर त्रिपाठी, चुन्नी लाल साहनी और वार्ड मेमोरियल गोल्ड मेडल दिया जाएगा।

PIONEER PAGE 3

दीक्षांत समारोह को लेकर लविवि ने जारी की संभावित सूची, मेडल की सूची में छात्राएं आगे

लखनऊ। आगामी 16 सितंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह को लेकर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने पदकों की संभावित सूची जारी कर दी है। जारी सूची में छात्राओं के खाते में सबसे अधिक मेडल गये हैं। शीर्ष तीन पदक पर छात्रों के नाम साक्षात्कार के बाद घोषित किये जायेंगे। समारोह के दौरान विवि की तरफ से कुल 196 मेडल व बुक प्राइज अवार्ड दिये जायेंगे। विवि की तरफ से जारी सूची के अनुसार एमएसी मैथ की छात्रा शैलजा चौरसिया को चांसलर सिल्वर मेडल व 12 गोल्ड, ब्रोंज और प्राइज बुक अवार्ड के साथ पहले स्थान पर हैं। एमए की छात्रा रीमा चौरसिया को 7 गोल्ड व बुक प्राइज मिलेगा। एलएलबी की छात्रा वैष्णवी मिश्रा को 6 गोल्ड मेडल मिले हैं। वहीं बीए की छात्रा जुली पटेल को 6 गोल्ड मेडल व एमएससी फिजिक्स के छात्र हार्दिक गुप्ता को 6 गोल्ड मेडल मिले हैं।

HT PAGE 3

LU CONVOCATION: GIRLS RULE MEDAL TALLY, CEREMONY ON SEPTEMBER 16

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: More than 70% of students who will be conferred medals during the convocation ceremony of Lucknow University are women. This was disclosed in a medal list issued by the university recently. The convocation ceremony is scheduled for September 16.

As many as 112 students will be awarded 196 medals during the ceremony. In the medal tally, 80 are women and 32 men. A notice was also issued by the controller of examination of the university calling for objections, if any, regarding the medal to be submitted till September 10.

As per the tentative medal list, the highest of 13 medals was won by Sailja Chaurasia, a MSc Mathematics student. Reema Chowdhury of Ancient Indian History and Vaishnavi Mishra of LLB won eight each.

The names of the winners of the three most prestigious medals of the university – Chancellor's Gold Medal, Vice Chancellor's Gold Medal and Dr. Chakravarti Gold Medal for service are yet to be declared. They will be declared after the culmination of a committee meeting in the university.

"As many as 175 gold, two silver and 11 bronze medals, along with three book prizes, will be given to students during the convocation ce